be continued and reviewed only if it adversely affects domestic production.

(5) A Committee under the Chairmanship of Cabinet Secretary has been constituted to examine the recommendations made by Shri Gian Prakash. The Committee has been asked to give its report by 31.12.1994

राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र को बन्द किया जाना

1312 **श्री सुन्दर सिंह भंडारी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले कुछ वर्षों के दौरान राजस्थान परमाणु विद्युत केन्द्र को कितनी बार और कितने समय के लिए बन्द किया गया है ;

(ख) इस संयंत्र की खराबी के मुख्य कारण क्या हैं ; क्या उसकी मरम्मत के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ; और

(ग) क्या इस संयंत्र को बन्द किया जा रहा है ?

प्रधान मंत्री के कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी : (क) राजस्थान में रावतभाटा में स्थित परमाणु विद्युत संयंत्रों को 1991–92 से 1993–94 की अवधि में बंद रखे जाने के संबंध में ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ख) तथा (ग) अपनी किस्म का एक प्रोटोटाइप रिएक्टर होने के कारण, राजस्थान परमाणु, बिजलीघर के पहले यूनिट का कार्यनिष्पादन अगम्य और उच्च विकिरण वाले क्षेत्र में लगी हुई दक्षिण एंड शील्ड में हल्के पानी का रिसाव होने तथा अत्यधिक दाब मोचन युक्ति से भारी पानी का रिसाव कैलेंड्रिया वाल्ट में होने जैसी कठिन तकनीकी समस्याओं के कारण प्रभावित हुआ है। इस यूनिट को निरंतर चालू रखने के तकनीकी एवं आर्थिक पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की जा रही है तथा पहले यूनिट को निरन्तर चालू रखने के बारे में अन्तिम निर्णय इस समीक्षा के आधार पर लिया जाएगा। राजस्थान परमाणु बिजलीघर का दूसरा यूनिट वर्ष 1993–94 तक संतोषजनक रूप से काम करता रहा है। चूंकि यह यूनिट सन् 1981 से काम कर रहा है, अतः शीतलक चैनलों का विस्तृत सेवाकालीन निरीक्षण करने का काम हाथ में लिया गया है जिसके लिए यूनिट को 1 अगस्त, 1994 से बंद रखा हुआ है। निरीक्षण के परिणामों के विश्लेषण के आधार पर, इस यूनिट को फिर से चालू किया जाएगा अथवा शीतलक चैनलों को बदलने के लिए इसे लगभग तीन वर्ष की लम्बी अवधि के लिए बंद

विवरण

रावत भाटा, कोटा स्थित परमाणु बिजली घरों को बन्द किए जाने से संबंधित विवरण

वर्ष	राजस्थान परमाणु बिजलीघर–1	राजस्थान परमाणु बिजलीघर–2
1991–92	5 बार बन्द किया गया	9 बार बन्द किया गया
	पहलीबार–461 घंटे 25 मिनट 13.04.91 से 03905.91 तक	पहलीबार–294 घंटे 55 मिनट 28.04.91 से 10.05.91 तक
	दूसरी बार–4597 घंटे 30 मिनट 12.06.91 से 21.12.91 तक	दूसरीबार– 28 मिनट 24.05.91 से 24.05.91 तक
	तीसरी बार–1010 घंटे 4 मिनट	तीसरीबार–2041 घंटे 53 मिनट

वर्ष	राजस्थान परमाणु बिजलीघर–1	राजस्थान परमाणु बिजलीघर–2
	21.12.91 से 01.02.92 तक चौथी बार–60 घंटे 39 मिनट 03.02.92 से 05.02.92 तक पांचवीं बार–1590 घंटे 04 मिनट 09.02.92 से 22.09.92 तक	10.07.91 से 04.10.91 तक चौथीबार–212 घंटे 59 मिनट 05.10.91 से 14.1091 तक पांचवींबार–83 घंटे 37 मिनट 28.10.91 से 31.10.91 तक छठीबार–280 घंटे 55 मिनट 08.12.91 से 20.12.91 तक सातवींबार–322 घंटे 58 मिनट 24.12.91 से 25.12.91 तक आठवींबार–54 घंटे 55 मिनट 01.01.92 से 09.01.92 तक नवींबार–47 घंटे 49 मिनट 29.02.92 से 02.03.92 तक
1992–93	9 बार बन्द किया गया	12 बार बन्द किया गया
	पहलीबार–60 घंटे 31 मिनट 22.09.92 से 25.09.92 तक दूसरीबार–351 घंटे 39 मिनट 28.09.92 से 13.10.92 तक तीसरीबार–264 घंटे 29 मिनट 17.10.92 से 21.10.92 तक चौथीबार–305 घंटे 4 मिनट 24.11.92 से 07.12से92 तक पांचवींबार–129 घंटे 8 मिनट 08.12.92 से 14.12.92 तक छठीबार–651 घंटे 47 मिनट 17.12.92 से 14.01.93 तक सातवींबार–24 घंटे 13 मिनट 14.01.93 से 15.01.93 तक आठवींबार–20 घंटे 7 मिनट 15.01.93 से 16.01.93 तक नवींबार–1152 घंटे 0 मिनट 11.02.93 से 19.04.93 तक	पहलीबार–274 घंटे 18 मिनट 04.05.92 से 15.05.92 तक दूसरीबार–22 घंटे 51 मिनट 15.05.92 से 16.05.92 तक तीसरीबार–2565 घंटे 30 मिनट 28.05.92 से 11.09.92 तक चौथीबार–47 घंटे 1 मिनट 16.09.92 से 18.09.92 तक पांचवीबार–123 घंटे 5 मिनट 27.09.92 से 02.10.92 तक छठीबार–55 घंटे 49 मिनट 17.10.92 से 19.10.92 तक सातवींबार–47 घंटे 32 मिनट 19.11.92 से 21.11.92 तक आठवींबार–51 घंटे 9 मिनट 22.11.92 से 24.11.92 तक नवींबार–230 घंटे 30 मिनट 01.12.92 से 11.12.92 तक दसवींबार 174 घंटे 56 मिनट 25.02.93 से 04.03.93 तक ग्यारवींबार–39 घंटे 55 मिनट 04.03.93 से 06.03.93 तक बारवींबार–36 घंटे 14 मिनट 06.03.93 से 08.03.93 तक

1	2	3
1993–94	11 बार बन्द किया गया पहलीबार–77 घंटे 33 मिनट 19.04.93 से 22.04.93 तक दूसरीबार–531 घंटे 10 मिनट 25.05.93 से 16.06.93 तक तीसरीबार–166 घंटे 34 मिनट 26.06.93 से 03.07.93 तक चौथीबार–581 घंटे 14 मिनट 15.07.93 से 09.08.93 तक पांचवींबार–752 घंटे 51 मिनट 13.08.93 से 13.09.93 तक छठीबार–3003 घंटे 41 मिनट 28.09.93 से 31.01.94 तक सातवींबार–52 घंटे 36 मिनट 31.01.94 से 02.02.94 तक आठवींबार–2 घंटे 31 मिनट 02.02.94 से 03.02.94 तक नवींबार–39 घंटे 13 मिनट 04.02.94 से 05.02.94 तक दसवींबार– 14 मिनट 07.02.94 से 07.02.94 तक ग्यारहवींबार– 12.02.94 से लगातार बंद है	6 बार बन्द किया गया पहलीबार 1183 घंटे 40 मिनट 20.04.93 से 08.06.93 तक दूसरीबार–46 घंटे 11 मिनट 14.06.93 से 16.06.93 तक तीसरीबार–33 घंटे 7 मिनट 17.06.93 से 18.06.93 तक चौथीबार–133 घंटे 52 मिनट 04.08.93 से 09.08.93 तक पांचवींबार–129 घंटे 12 मिनट 02.09.93 से 07.09.93 तक छठीबार–1220 घंटे 53 मिनट 1 16.01.94 से 07.03.94 तक

यूरेनियम की तस्करी में शामिल विदेशी नागरिक

1313. श्री सुन्दर सिंह भंडारी : क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत अक्तूबर माह में मेघालय में यूरेनियम की तस्करी के संबंध में कुछ विदेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया था ;

(ख) क्या यूरेनियम की चोरी की कुछ और घटनाएं भी हुई हैं, यदि हां तो ये घटनाएं कब-कब हुई थी और इस संबंध में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के नाम क्या हैं ; और

(ग) यूरेनियम खनन-स्थल की सुरक्षा के लिए क्या-क्या प्रबन्ध किए गए हैं ?

प्रधान मंत्री के कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) 12 अक्तूबर, 1994 को एस आई बी (सबसीडियरी इंटेलीजेंस ब्यूरो), शिलांग से यह पता लगा था कि चार व्यक्ति 2.5 किलोग्राम संदिग्ध विकिरण सक्रिय सामग्री सहित पकड़े गए हैं। विश्लेषण करने के बाद, यह पाया गया कि जब्त सामग्री सोडियम-डाई-यूरेनेट है, जिसे येलो केक के नाम से भी जाना जाता है। परमाणु ऊर्जा अधिनियम,